तापमान
अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 20. 0 डिग्री

हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, मंगलवार, 24 मार्च 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती



एचटीपीपी विस्तार संयंत्र में कोयला आपूर्ति के लिए कुसमुंडा खदान पर बढ़ेगी निर्भरता 2




**खबर संक्षेप**

### कलेक्टर-एसपी ने मादक पदार्थों की खेती पर निगरानी के दिए कड़े निर्देश

**जांजगीर-चांपा।** राज्य शासन के निर्देशानुसार अवैध अफीम की खेती की संभावना को दृष्टिगत रखते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में पटवारी, सचिव व कोटवार एवं नगरीय क्षेत्रों में पटवारी, नगर पालिका व पंचायत की टीम द्वारा संयुक्त रूप से सर्वे करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही राजस्व, पुलिस एवं वन विभाग के अधिकारियों को किसी भी प्रकार की सूचना मिलने पर तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए उन्होंने राजस्व, पुलिस विभाग के साथ कृषि, उद्यानिकी और रेशम विभाग के अधिकारियों को समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर जन्मेजय महोबे व एसपी विजय कुमार पाण्डेय ने तहसीलदार, पटवारी, पंचायत सचिव और कोटवारों को गांव-गांव जाकर खेतों का निरीक्षण कर संदिग्ध फसलों की पहचान करने के निर्देश दिए।

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन आवेदन 27 तक

**जांजगीर-चांपा।** शासकीय, अशासकीय महाविद्यालय, विश्वविद्यालय, इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, पॉलिटेक्निक एवं आईटीआई आदि के प्राचार्य, संस्था प्रमुख, छात्रवृत्ति प्रभारी एवं उनमे अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थी जो विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते हैं। ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति कक्षा 12 वीं से उच्चतर के स्वीकृति, पंजीयन एवं वितरण की कार्यवाही वेबसाइट पर ऑनलाइन की जा रही है।

पामगढ़ थाना क्षेत्र के व्यास नगर की घटना

# दो पक्षों में हुए विवाद पर रिटायर्ड फ़ौजी ने चलाई गोली, एक युवक घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

पामगढ़ थाना क्षेत्र के व्यास नगर में मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। गाली गलौज से शुरू हुआ विवाद इतना बढ़ा कि दिनदहाड़े गोली चल गई। गोली एक युवक की जांघ में लगी, जिसे बिलासपुर रेफर किया गया है। पुलिस ने फायरिंग करने वाले रिटायर्ड फौजी को गिरफ्तार कर लिया है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ग्राम व्यास नगर में हिमांशु श्रीवास की किराना दुकान है। सोमवार 23 मार्च की सुबह करीब 10 बजे गांव का ही शैलेंद्र साहू अपने साथियों के साथ हिमांशु के किराना दुकान के पास गाली गलौज कर रहा था । हिमांशु ने उनको गाली गलौज करने से मना किया, तो दोनों पक्षो मे विवाद हो गया। कुछ देर में शैलेंद्र साहू के अन्य साथी भी वहां आ गए। वहीं हिमांशु श्रीवास का भाई रिटायर्ड फ़ौजी गुलशन श्रीवास भी पहुंच गया। दोनों पक्ष में जमकर विवाद हुआ और तनाव की स्थिति निर्मित हो गई। इस बीच रिटायर्ड फ़ौजी गुलशन ने अपने लाइसेंसी पिस्टल से फायरिंग कर दी। पिस्टल की गोली पंकज कश्यप के जांघ पर लगी। पंकज को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पामगढ भेजा गया, जहाँ से उसे बिलासपुर रिफर कर दिया गया। इधर घटना की सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। दिनदहाड़े गोली चलने की सूचना मिलने पर एडिशनल एस पी उमेश कश्यप भी मौके पर पहुंचे। फोरेंसिक टीम ने भी घटना स्थल पर पहुंच कर जांच की। मामले में पुलिस ने रिटायर्ड आर्मी सिग्नल कोर हवलदार गुलशन श्रीवास और उसके भाई हिमांशु श्रीवास को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। दोनों के खिलाफ बीएनएस की धारा 109(1) और 25, 27 आर्म्स एक्ट की कार्रवाई की गई है। पुलिस ने पिस्टल और तलवार जब्त कर लिया है।



मौके पर जांच करती फोरेंसिक टीम व इंसेट में जब्त पिस्टल।



घटना स्थल का मुआयना करते पुलिस अधिकारी।

**की है गिरफ्तारी**

ब्यास नगर में दो पक्षों में हुए विवाद के बाद गुलशन श्रीवास ने गोली चलाई। वहीं उसके भाई हिमांशु श्रीवास ने भी तलवार लेकर हमला किया। मामले में दोनों की गिरफ्तारी कर रिमांड पर भेज दिया गया है।

**सावन सारथी,**
थाना प्रभारी, पामगढ़

# जंगल से भटककर लछनपुर पहुंचा चीतल अस्पताल ले जाते वक्त तोड़ा दम

## सूचना पर वन विभाग की टीम ने किया था रेस्क्यू

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जंगल से भटककर घायल चीतल जांजगीर क्षेत्र के ग्राम लछनपुर पहुंच गया। इस बीच सूचना पर वन विभाग की टीम ने उसका रेस्क्यू किया। चीतल को घायल अवस्था में उपचार के लिए बलौदा स्थित पशु चिकित्सा क्षेत्र बलौदा ले जाया जा रहा था, जहां बीच रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया।

ज्ञात हो कि सोमवार 23 मार्च को जांजगीर क्षेत्र के ग्राम पंचायत लछनपुर में सुबह एक बड़ी खबर सामने आई, जहां जंगल से भटककर एक चीतल गांव में पहुंच गया। हिरण दिखाई देने की खबर फैलते ही ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद चीतल का रेस्क्यू किया गया। बताया जा रहा है कि सोमवार 23 मार्च की सुबह करीब 10 बजे मड़वा प्लांट से लगे ग्राम लछनपुर के दंतेश्वरी मंदिर के पास हिरण दिखाई दिया। गांव में खबर तेजी से फैलने के बाद लोग बड़ी संख्या में उसे देखने पहुंच गए, जिससे हिरण घबराकर इधर-उधर भागने लगा और भटकते हुए मड़वा प्लांट की ओर चला गया। वन विभाग को सूचना मिलने के बाद टीम तत्काल मौके पर पहुंची और प्लांट कॉलोनी से कुछ दूरी पर बने भूनंदी नाला के पास चीतल को सुरक्षित पकड़ लिया गया। वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार पकड़ा गया बारहसिंगा प्रजाति का बताया जा रहा है। रेस्क्यू के बाद घायल चीतल को इलाज के लिए बलौदा स्थित वन पशु चिकित्सालय ले जाया रहा था, जहां बीच रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। इसके बाद वन विभाग की टीम द्वारा पंचनामा व पोस्टमार्टम की कार्रवाई कर कफन दफन किया गया। इसके पूर्व बलौदा क्षेत्र के ही मडवा पॉवर प्लांट परिसर में जंगल से भटककर तेंदुआ भी पहुंचने का मामला सामने आ चुका है। उल्लेखनीय है कि इन दिनों गर्मी बढने लगी है। वहीं वन परिक्षेत्रो में रहने वाले जीव जन्तुओं को पानी एवं भोजन की समस्या होती है। जिसके कारण वन्य प्राणी ग्रामीण क्षेत्र एवं रिहायशी इलाकों में पानी एवं भोजन की तलाश में भटकते है।

इस संबंध में वन विभाग के एसडीओ होरेश शर्मा का कहना है कि जंगल से भटककर घायल चीतल लछनपुर में घुस गया था। विभाग की टीम द्वारा चीतल का रेस्क्यू कर इलाज के लिए बलौदा ले जा रहा था, जहां बीच रास्ते में उसने दम तोड़ दिया।





घायल चीतल का रेक्स्यू करते वन विभाग के जवान।




# पोड़ी से बांगो के बीच 5 किलोमीटर बनेगा सीसी रोड, मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बांगो बांध पहुंचने के लिए जल संसाधन विभाग द्वारा जल्द ही पोड़ी से बांगो के बीच सीसी रोड का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए जल संसाधन विभाग ने 10 करोड़ का प्रस्ताव बनाकर शासन से भेजा है। शासन से जैसे ही इसकी स्वीकृति मिलती है जिसके बाद सड़क बनाने का काम शुरू हो जाएगा और बांगो बांध पहुंचने की दूरी भी काम हो जाएगी।

अलग खबर

उल्लेखनीय है कि बांगो बांध जाने के लिए गुरसिया से बांगो पहुंचने में लगभग 15 से 16 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती है। जबकि पोड़ी से बांगो बांध जाने के लिए मार्च 5 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती है लेकिन लंबे समय से पोड़ी से बांगो के बीच की सड़क अधर में लटकी हुई है जिसके चलते लोगों को गुरसिया के रास्ते ही बांगों की दूरी तय करनी पड़ती है। लंबे समय से थोड़ी और बांगो के बीच वर्षों से खराब पड़े सड़क बनाने की मांग उठ रही है इसे देखते हुए जल संसाधन विभाग ने पोड़ी से बांगो के बीच सीसी रोड और दोनों तरफ नाली निर्माण कराए जाने का प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा गया है। लगभग 10 करोड़ की लागत से 5 किलोमीटर सीसी रोड और नाली बनाया जाना है। इसके लिए जल संसाधन विभाग ने प्रोजेक्ट तैयार कर शासन को मंजूरी के लिए भेजा है। संभावना जताई जा रही है कि इस बजट में इसकी स्वीकृति मिल जाएगी। इसके बाद टेंडर की प्रक्रिया करने के उपरांत इस सड़क निर्माण का काम शुरू हो जाएगा और यह सड़क बन जाएगा तो निश्चित तौर पर बांगों की दूरी बहुत कम हो जाएगी। लोगों को और पर्यटकों को बांगो बांध जाने के लिए महज 5 किलोमीटर की दूरी ही तय करनी पड़ेगी क्योंकि कोरबा से जाने वाले लोग सीधे पोड़ी के रास्ते बांगो बांध जा सकेंगे और बांगो का नजारा देख सकेंगे।

## 10 करोड़ का तैयार किया गया प्रस्ताव

**खास बातें**

- सड़क बनते ही दूरी हो जाएगी कम
- सड़क के दोनों ओर बनेगी सीसी नाली



### बारिश के दिनों में होती खासी परेशानी

बांगो बांध जाने के लिए लोग शॉर्टकट पोड़ी का रास्ता ही अपनाते हैं क्योंकि पोड़ी के रास्ते से बांगो बांध जाना बहुत ही आसान है और दूरी भी बहुत कम है लेकिन बारिश के दिनों में ही सबसे ज्यादा पर्यटक बांगो बांध देखने के लिए पहुंचते हैं और बारिश के दिनों में मार्ग पूरी तरह से लबालब हो जाता है और पानी में सड़क कीचड़ में तब्दील हो जाता है। ऐसे में इस मार्ग से चार पहिया वाहन से जाना मुश्किल ही नहीं नामुमकिन हो जाता है, जिसकी वजह से लोगों को गुरसिया के रास्ते सीधा बांगो बांध जाते हैं हालांकि इस बारिश भी यह सड़क बन पाना संभव नजर नहीं आ रहा है लोगों को इस साल भी गुरसिया के रास्ते ही बांगो बांध जाना पड़ेगा।

## क्राइम की खबरें



### कालीबाड़ी एसईसीएल में बसंती पूजा एवं मेले का आयोजन

**कोरबा।** कालीबाड़ी एसईसीएल में कालीबाड़ी समिति के द्वारा चैत्र नवरात्र पर बसंती पूजा एवं मेले का आयोजन किया जाता आ रहा हैं। समिति के अध्यक्ष समीर लोध एवं सचिव सुभाशीष भौमिक ने बताया कि पूजा एवं मेले का यह वर्ष 25वां वर्ष हैं। समिति के द्वारा प्रत्येक दिन भक्तों को संध्या आरती के बाद भोग प्रसाद का वितरण किया जाता है और नवरात्रि के दिन दोपहर को वृहद भंडारे का आयोजन भक्तों के सहयोग से किया जाता हैं। पूजा एवं मेला आज वृहद आकार ग्रहण कर लिया है दूर दूर से लोग मेले का आनंद लेने आ रहे हैं। समिति के अध्यक्ष ने सभी कोरबावासियों से अनुरोध किया हैं कि वे माता रानी का आशीर्वाद लेने कोरबा काली बाड़ी में अवश्य आवे।

### पुलिस ने उतरदा और मुड़ापार में चलाया जनजागरूकता अभियान



**हरदीबाजार।** हरदीबाजार थाना पुलिस के द्वारा ग्राम पंचायत उतरदा एवं ग्राम पंचायत मुड़ापार में जन जागरूकता अभियान के तहत साइबर क्राइम, कच्ची महुआ शराब बिक्री, ऑनलाइन ठगी जैसे अन्य कानूनी जानकारी ग्रामीणों को दी गई। इस दौरान थाना प्रभारी प्रमोद कुमार डनसेना,एएसआई विजय सिंह, एएसआई कृपा शंकर दुबे,प्रधान आरक्षक ओमप्रकाश वैश्य,आरक्षक प्रफुल्ल साहू, उतरदा सरपंच प्रतिनिधि सुंदर सिंह मरावी, मुड़ापार सरपंच श्रीमती सिल्की कुंवर सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

### नाग सांप का सुरक्षित रेस्क्यू कर छोड़ा गया जंगल में



**कोरबा।** बलगी क्षेत्र में आधी रात लगभग 10.30 बजे घर के बाहर भोजन के पश्चात टहल रहे लोग उस वक्त हक्के बक्के रह गए जब एक 5 फीट का जहरीला नाग रेंगता हुआ दिखाई दिया, जिसको भगाने का प्रयास भी किया गया पर वो तो फन फैला कर एक बंद पड़े नाली में जाकर बैठ गया। जिसके बाद वाइल्डलाइफ रेस्क्यु टीम (नोवा नेचर) के जितेंद्र सारथी को इसकी सूचना दी गई। जितेंद्र सारथी ने सावधानीपूर्वक रेस्क्यु कर नाग को थैले में डालकर जंगल सुरक्षित छोड़ दिया गया।

### बांकीमोंगरा मंडल में प्रशिक्षण महाअभियान संपन्न

**बांकीमोंगरा।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रव्यापी संगठनात्मक सुदृढ़ीकरण के तहत आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान का बांकीमोंगरा मंडल में समापन हुआ। इस विशेष प्रशिक्षण शिविर में कार्यकर्ताओं को पार्टी की रीति-नीति और आगामी कार्ययोजनाओं से अवगत कराया गया। कार्यक्रम के समापन में मुख्य रूप से भाजपा के वरिष्ठ नेता मुख्य वक्ता ज्योतिनंद दुबे और विकास झा उपस्थित रहे। उनके साथ मंडल स्तर के विभिन्न पदाधिकारी और सक्रिय कार्यकर्ता भी शामिल हुए। कार्यकर्ताओं को पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद और अंत्योदय के सिद्धांतों के बारे में विस्तार से बताया गया।
आगामी चुनावों और बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूत करने की रणनीतियों पर चर्चा की गई।इसके अलावा जनहितकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने के लिए कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया गया। ज्योतिनंद दुबे ने कहा कि प्रशिक्षण ही कार्यकर्ता की असली शक्ति है।

विस्तार संयंत्र के निर्माण के बाद सालाना 65 लाख टन कोयले की होगी जरुरत

# एचटीपीपी विस्तार संयंत्र में कोयला आपूर्ति के लिए कुसमुंडा खदान पर बढ़ेगी निर्भरता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छग राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी के कोरबा-पश्चिम स्थित एचटीपीपी के दूसरे चरण के तहत 1320 मेगावाट क्षमता के नए सुपुर क्रिटिकल विद्युत संयंत्र का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। संयंत्र में भविष्य की कोयला आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए एसईसीएल प्रबंधन कुसमुंडा खदान के विस्तार की दिशा में तेजी से कदम बढ़ा रहा है। निर्माणाधीन विद्युत संयंत्र की दो नई इकाइयों के अस्तित्व में आने के बाद संयंत्र को सालाना लगभग 65 लाख टन कोयले की आवश्यकता होगी। यह कोयला कोल लिंकेज नीति के तहत कुसमुंडा कोयला खदान से ही आपूर्ति किया जाएगा।

यही वजह है कि एसईसीएल कुसमुंडा खदान पर कोरबा पश्चिम संयंत्र की निर्भता और अधिक बढ़ने की उम्मीद है। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में कोरबा-पश्चिम में स्थापित और संचालित एचटीपीपी में 210 मेगावाट क्षमता की चार इकाइयाँ तथा पहले चरण के विस्तार की 500 मेगावाट की एक इकाई संचालित है। इस तरह संयंत्र की कुल उत्पादन क्षमता 1340 मेगावाट है। इन सभी इकाइयों को कुसमुंडा खदान से कन्वेयर बेल्ट के माध्यम से कोयले की आपूर्ति की जाती है। खदान से पावर प्लांट तक कुल तीन कन्वेयर बेल्ट लाइनें बिछाई गई हैं। इनमें से दो लाइनें 210 मेगावाट की चार इकाइयों के लिए तथा एक लाइन 500 मेगावाट की इकाई के लिए है। वर्तमान में प्रतिदिन औसतन 24 हजार टन कोयले की आपूर्ति एचटीपीपी संयंत्र को की जा रही है। कोल लिंकेज गाइडलाइन के अनुसार दूसरे चरण के विस्तार संयंत्र को भी कुसमुंडा खदान से ही कोयला उपलब्ध कराया जाएगा। कोयले की बढ़ती मांग को देखते हुए एसईसीएल कुसमुंडा प्रबंधन खदान विस्तार कर उत्पादन बढ़ाने की तैयारी में जुटा है। इसके तहत अधिग्रहित ग्राम खोडरी और पाली के प्रभावितों को रोजगार उपलब्ध कराकर उन्हें चिन्हित नए बसाहट स्थल पर पुनर्वासित करने का काम जारी है। कुसमुंडा फोरलेन सड़क के किनारे चयनित स्थल पर सड़क, नाली और अन्य मूलभूत सुविधाएं विकसित करने का कार्य किया जा रहा है जिससे विस्थापन के बाद नए फेस में खनन कार्य आगे बढ़ाया जा सके।

**खास बात**

- कोयला लिंकेज नीति के तहत कुसमुंडा खदान से होगी कोयले की आपूर्ति



फाइल

### 136 हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहण

कुसमुंडा खदान विस्तार के तहत अधिग्रहित ग्राम रिस्दी के प्रभावितों को रोजगार देने की प्रक्रिया जारी है। खदान विस्तार के लिए 136.339 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण किया गया है। कोल इंडिया की आरएंडआर पॉलिसी 2012 के तहत 168 भू-विस्थापितों को एसईसीएल में नौकरी दी जाएगी। रोजगार कटऑफ सूची के आधार पर दिया जाएगा। पहले प्रत्येक खातेदार को नौकरी मिलती थी, लेकिन नई नीति के तहत छोटे खातेदार इस सुविधा से वंचित हो रहे हैं।

### रेल मार्ग से कोयला आपूर्ति की योजना

एचटीपीपी के नए विस्तार संयंत्र की कोयला जरूरतें कन्वेयर बेल्ट से पूरी नहीं हो सकेंगी। ऐसे में रेल मार्ग से कोयला आपूर्ति की योजना तैयार की गई है। संयंत्र से सुराकछार खदान की साइडिंग तक पूर्व से बिछी रेल लाइन का उपयोग किया जाएगा। रेल लाइन के मरम्मतीकरण, परीक्षण और संयंत्र के समीप एमजीआर प्रणाली स्थापित होने के बाद मालगाड़ियों से कोयला परिवहन शुरू किया जाएगा। इसके लिए रेलवे राइट्स के तहत सर्वे भी कराया जा चुका है।

# जिले में नहीं बढ़ रही किसान उत्पादक संगठन की संख्या अब तक 10 ही बने

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में सब्जी की खेती करने वाले और धान की फसल बेचने वाले किसानों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। वहीं दूसरी ओर किसान उत्पादक संगठन की संख्या 10 से अधिक नहीं पहुंच सकी है। किसान उत्पादक संगठन गठित करने का उद्देश्य किसानों के द्वारा उत्पादित फसल को बेचने के लिए मार्केट तैयार करना सहित ट्रांसपोर्टिंग के कार्य शामिल थे।

जिले में किसान उत्पादक संगठन गठित करने का कार्य कृषि विभाग एवं स्वयं सेवी संस्थाओं द्वारा किया जाता है। इसका उद्देश्य छोटे और सीमांत किसानों को बिचौलियों से दूरकर उन्हें संगठित करके उनके द्वारा तैयार की गई फसल को मार्केट में बेचकर उनकी आय बढ़ाना है। इस उद्देश्य से किसानों को कम लागत में फसल तैयार होती है और उनको मार्केट भी मिलता है। इसके अलावा किसान उत्पादक संगठन में किसानों को कम दर पर बीज, खाद, मशीन एवं लोन जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाती है। जिले के ग्रामीण अंचलों में पिछले कुछ वर्षों से सब्जी की पैदावार बढ़ी है। कृषि विभाग की सौर सुजला योजना से अधिकांश किसानों के खेतों में बोर खनन करवाकर सब्जी की खेती कर रहे हैं। जिसका उन्हें फायदा मिल रहा है। उनके इस व्यवसाय को बढ़ाने के लिए डीएमएफ से कोल्ड स्टोरेज तैयार करने की योजना बनी थी जो मूर्तरुप नहीं ले सकी। किसानों की सुविधा के लिए प्रत्येक ब्लॉक में एक-एक किसान उत्पादक संगठन तैयार किए गए हैं। जिसका लाभ किसानों को नहीं मिल पाता।

**खास बातें**

- किसान सम्मान निधि लेने वाले किसानों की संख्या 75 हजार पहुंची
- 50 हजार से अधिक किसान बेचते हैं धान




### किसानों को इसका मिलेगा फायदा

जितनी अधिक संख्या में किसान उत्पादक संगठन तैयार होंगे उससे किसानों को खेती में लगने वाली लागत में कमी आएगी। सामूहिक रुप से कृषि उपकरण, खाद, बीज खरीदने में कम लागत आएगी। इसके अलावा किसान उत्पादक संगठन के माध्यम से किसान अपने उत्पाद को मार्केट में बेहतर दाम पर बेच सकेंगे। इससे किसान सीधे बाजार के संपर्क में आ जाएंगे। वहीं बिचौलिये खत्म होंगे और किसान सीधे बड़े रिटेल व्यापारियों से जुड़ जाएंगे।

### सामूहिक प्रयास की देखी जा रही कमी

किसान उत्पादक संगठन भले ही ग्रामीण अंचलों में तैयार कर दिए गए हैं किंतु उनके सामूहिक प्रयास में कमी देखी जा रही है। कुछ किसान उत्पादक संगठन केवल कागजों में तैयार हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में बनाए गए किसान उत्पादक संगठन से किसान शासन की मंशानुरूप नहीं जुड़ सके हैं। इसमें कहीं ना कहीं विभाग के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों के प्रयास की भी कमी देखी गई है। इन केंद्रों में संसाधनों का अभाव नजर आता है।

# दीगर जिलों से पहुंचने लगे तरबूज गर्मी के बढ़ते ही बढ़ने लगी डिमांड

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

गर्मी का असर बढ़ते ही बाजार में तरबूज और खरबूज की मांग तेजी से बढ़ने लगी है। तापमान में लगातार इजाफा होने के साथ ही लोग शरीर को ठंडक देने वाले फलों की ओर रुख कर रहे हैं, जिससे इन फलों की बिक्री में भी खासा उछाल देखा जा रहा है। स्थानीय फल बाजारों में इन दिनों तरबूज और खरबूज की भरपूर आवक हो रही है। आसपास के ग्रामीण इलाकों से किसान बड़ी मात्रा में इन फलों को बाजार में ला रहे हैं, जिससे मंडियों में रौनक बढ़ गई है। गर्मी बढ़ने के साथ मांग और ज्यादा बढ़ने की संभावना है। फिलहाल कीमतें सामान्य बनी हुई हैं, जिससे आम लोगों को भी आसानी से ये फल उपलब्ध हो रहे हैं। वहीं, किसानों को भी अच्छी बिक्री की उम्मीद है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, तरबूज और खरबूज जैसे मौसमी फल शरीर में पानी की कमी को पूरा करने में सहायक होते हैं और लू से बचाव में भी मदद करते हैं। यही कारण है कि गर्मी के मौसम में इनकी खपत बढ़ जाती है। गर्मी के बढ़ते प्रभाव के साथ तरबूज और खरबूज की मांग और आपूर्ति दोनों में तेजी देखने को मिल रही है, जिससे बाजार में चहल-पहल बढ़ गई है। बाजार में में बढी आवक से ही खरीददारों की भीड़ देखने को मिल रही है।



## रामकथा यज्ञ में शामिल हुए विधायक



**हरदीबाजार।** विकासखंड पाली अंतर्गत ग्राम पंचायत बम्हनीकोना में आयोजित श्री अखण्ड ज्योति पाँच दिवसीय रामकथा यज्ञ में शामिल हुए। विधायक श्री पटेल ने सर्वप्रथम पूजा अर्चना की तथा ग्रामीणों से कहा कि इस पावन अवसर पर धर्म, भक्ति एवं संस्कारों से ओतप्रोत वातावरण ने सभी श्रद्धालुओं, ग्रामवासियों को आध्यात्मिक ऊर्जा से अभिभूत कर दिया। रामकथा के माध्यम से समाज में नैतिक मूल्यों, आदर्श जीवन शैली एवं आपसी सद्भाव का संदेश प्रसारित हो रहा है, जो निश्चित रूप से जनमानस के लिए प्रेरणादायक है। इस अवसर पर पूर्व मंडल महामंत्री दुर्गेश कश्यप, शान्ति लाल धीवर, पुरन सिंह, थान सिंह ओड़े, गुलाब सिंह मरावी, शिवनंदन कंवर, प्रकाश दास, छोटू कश्यप एवं मन्नू सांई राठौर सहित बड़ी संख्या में बच्चे महिला पुरुष उपस्थित रहे।

# केराकछार व जटगा क्षेत्र में 58 हाथियों की मौजूदगी से खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के कटघोरा व कोरबा वन मंडल में हाथियों की मौजूदगी लगातार बनी हुई है, जिससे ग्रामीणों को खतरा हो सकता है, जहां कटघोरा के जटगा रेंज में 49 की संख्या में हाथी लंबे समय से पहाड़ पर विचरण कर रहे हैं। वहीं 9 हाथी कोरबा वनमंडल के पसरखेत रेंज के केराकछार क्षेत्र में विगत एक सप्ताह से डेरा डाले हुए हैं। हाथियों के इस दल में छोटे शावक होने के कारण हाथी ज्यादा दूरी तय नहीं कर रहे हैं और जहां उन्हें सुरक्षित ठिकाना दिखता है, वहीं पर डेरा डाल देते हैं। बताया जाता है कि केराकछार क्षेत्र में हाथियों को पर्याप्त मात्रा में चारा व पानी मिल रहा है। शो इसे सुरक्षित ठिकाना मानकर वहीं पर जमें हुए हैं। हाथियों ने अब तक क्षेत्र में कोई बड़ा नुकसान नहीं पहुंचाया है। फिर भी वन विभाग सतर्कता बरत रहा है। केराकछार व आसपास के गांव में मुनादी कराकर ग्रामीणों को जंगल ना जाने की सलाह दी जा रही है।

# पाली-बांगो रोड पर ओवर स्पीडिंग के खिलाफ सख्त कार्रवाई, दुर्घटनाओं पर लगाम लगाने की पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

रोड पर लगातार बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए पुलिस द्वारा ओवर स्पीडिंग करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। यह अभियान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटले और सीएसपी नितिश ठाकुर के निर्देशन में चलाया जा रहा है।

अभियान के तहत तेज रफ्तार से वाहन चलाने वाले चालकों पर चालानी कार्रवाई की जा रही है, वहीं उन्हें सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने की समझाइश भी दी जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि तेज गति दुर्घटनाओं का मुख्य कारण बन रही है, जिसे रोकने के लिए यह विशेष अभियान चलाया जा रहा है। सीएसपी प्रतीक चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में पुलिस टीम लगातार निगरानी कर रही है और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने आम लोगों से अपील की है कि वे वाहन चलाते समय निर्धारित गति सीमा का पालन करें, ताकि दुर्घटनाओं से बचा जा सके और सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित हो सके।

जाँजगीर मार्केट

फर्नीचर
आपके शहर जांजगीर में आदित्य प्लाई एंड हार्डवेयर में शादी-विवाह एवं अन्य शुभ अवसरों के लिए फैंसी फर्नीचर, स्टील अलमारी, पाटिकल अलमारी, डिलक्स अलमारी, ड्रेसिंग, सोफा, पलंग, दीवान, कूलर, काउंटर, मंदिर, टी टेबल, डायनिंग टेबल, ऑफिस फर्नीचर, होम फर्नीचर, स्टडी टेबल एवं अन्य आधुनिक फर्नीचर उचित मूल्य पर प्राप्त करें।
विशेष: (1) शादी-विवाह की खरीदी पर विशेष छूट
(1) मॉड्यूलर कीचन, बेडरूम, किड्स रूम, एलईडी स्टैंड डिजाईन एवं डेकोरेशन
आदित्य प्लाई एण्ड हार्डवेयर
नेता जी चौक के पास, लिंक रोड जांजगीर मो. 6260115021

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोडों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

### नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता कि मैं तामेश्वर पटेल पिता रामनारायण पटेल, उम्र 40 वर्ष, निवासी पता महावीर चौक, वार्ड-10, सोनादुला, पोस्ट सांकर, थाना व तहसील अकलतरा, जिला जांजगीर चांपा छत्तीसगढ़ यह शपथ करता हूँ कि मेरी 13 वर्षीय पुत्री के आधार कार्ड में त्रुटिवश अन्नपूर्णा पटेल (ANNAPURNA PATEL) दर्ज हो गया हैं, जो कि गलत दर्ज हो गया हैं। जबकि मेरी पुत्री का वास्तविक नाम जैस्वी पटेल (JAISVI PATEL) दर्ज हैं, उसके शासकीय/अर्द्धशासकीय दस्तावेजो एवं जन्म प्रमाण पत्र में दर्ज है जो सही व सत्य है। मेरी पुत्री का नाम अन्नपूर्णा पटेल (ANNAPURNA PATEL) से बदल कर आधार कार्ड में जैस्वी पटेल (JAISVI PATEL) नाम दर्ज करवाना चाहता हूं, अब भविष्य में मेरी पुत्री को इसी नाम से जाना पहचना जावे, जिस हेतु यह शपथ पत्र प्रस्तुत हैं।

शपथकर्ता
तामेश्वर पटेल
पिता रामनारायण पटेल
पता - ग्राम सोनादुला, पोस्ट सांकर, थाना व तहसील अकलतरा, जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.)

### न्यायालय सक्षम प्राधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.) मालखरौदा जिला सक्ती (छ.ग.)

रा.प्र.क्र./ /अ-2/2025-26
ग्राम-परसाडीह तहसील मालखरौदा

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक खेमराज पिता संतोष कुमार जाति-सतनामी निवासी ग्राम-परसाडीह तहसील-मालखरौदा जिला सक्ती (छ.ग.) के द्वारा अपने हक स्वामित्व की ग्राम-परसाडीह तहसील-मालखरौदा जिला सक्ती (छ.ग.) में स्थित पैतृक भूमि खसरा नंबर 294/15 रकबा 0.0810 हे. में से 0.10 ए. भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराये जाने के लिए खसरा, नक्शा, बी-1, रजिस्ट्री पेपर एवं अधिकार अभिलेख की छायाप्रति सहित आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतः उक्त आवेदित भूमि का आवासीय प्रयोजन हेतु पुनर्निधारण किये जाने पर जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति इस न्यायालय में दिनांक 24.03.26 तक स्वयं या अधिवक्ता के जरिये उपस्थित होकर विधि अनुसार लिखित रूप से आपत्ति पेश कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

आज दिनांक 09-03-24 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील एवं पदमुद्रा लगाकर जारी किया गया।

सक्षम प्राधिकारी एवं
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
मालखरौदा जिला सक्ती (छ.ग.)

### न्यायालय तहसीलदार चांपा, जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.)

**ईश्तहार**

क्र./535/वा./तह./2026
चांपा, दिनांक 19.03.2026
रा.प्र.क्र......................./ब-107/2025-26
ग्राम-चांपा

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अनिल इंगले पिता रामेश्वर राव इंगले जाति इंगले निवासी ग्राम-मझली तालाब स्टेशन रोड़ चांपा, तहसील चांपा, जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.) के द्वारा साहूकारी लायसेंस प्रदान करने हेतु आवेदन, शपथ पत्र, आधार कार्ड, पेंन कार्ड, आयकर रिटर्न एवं चालान की प्रति के साथ पेश किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को किसी प्रकार की दावा/ आपत्ति हो तो वे दिनांक 07.04.2026 तक न्यायालयीन समय में उपस्थित होकर अपना दावा/ आपत्ति पेश कर सकते है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 19.03.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुद्रा से ईश्तहार जारी किया गया।

जारी दिनांक 19.03.2026
पेशी दिनांक 07.04.2026

तहसीलदार
चांपा

### नाम परिवर्तन सूचना



शत्रुहन लाल केंवट

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मैं दुर्योधन धोबी पिता शुकलाल केंवट जाति केंवट निवासी गतवा पो. सिलादेही थाना बिर्रा तहसील बम्हनीडीह जिला जांजगीर-चांपा छ.ग. ने अपना यह पुराना नाम परिवर्तित कर श्रीमान् नोटरी महोदय चांपा के समक्ष एक शपथपत्र निष्पादित करते हुये अब एक नवीन नाम शत्रुहन लाल केंवट पिता सुकलाल केंवट निवासी गतवा पो. सिलादेही थाना बिर्रा तहसील बम्हनीडीह जिला जांजगीर-चांपा छ.ग. आ.नं. 2199 9876 8466 एवं पुराना जन्म तिथि 01.01.1972 को सुधार कर आधार कार्ड में 26.12.1975 कर लिया है।

अतः आज से मुझे मेरे नवीन नाम शत्रुहनलाल केंवट पिता सुकलाल केंवट से जाना पहचाना एवं पुकारा जावे साथ ही मेरे समस्त शासकीय दस्तावेजों में भी दर्ज किया जावे।

स्थान चांपा
दिनांक 23.03.2026

शत्रुहन केंवट
सूचनाकर्ता
शत्रुहनलाल केंवट
पिता शुकलाल केंवट
जाति केंवट निवासी ग्राम गतवा
थाना बिर्रा तहसील बम्हनीडीह
जिला जांजगीर-चांपा छ.ग.
मो.नं. 9098659807

## खबर संक्षेप

### 31 तक अवकाश के दिनों में भी खुलेंगे पंजीयन कार्यालय

**अम्बिकापुर।** राज्य में राजस्व संग्रह को सुचारू बनाए रखने के उद्देश्य से पंजीयन विभाग द्वारा महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। कार्यालय महानिरीक्षक पंजीयन एवं अधीक्षक मुद्रांक, छत्तीसगढ़ द्वारा जारी निर्देशानुसार वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतिम दिनों में पंजीयन कार्य बाधित न हो, इसके लिए अवकाश के दिनों में भी पंजीयन कार्यालय खुले रहेंगे। जारी आदेश के अनुसार मार्च माह के निम्नलिखित 22 मार्च, 28 मार्च, 29 मार्च, व 31 मार्च महावीर जयंती को शासकीय अवकाश के दिनों में भी पंजीयन कार्यालयों में नियमित रूप से पंजीयन कार्य संपादित किया जाएगा। विभाग ने सभी जिलों के कलेक्टरों एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि उक्त तिथियों में कार्यालय खुला रखना सुनिश्चित करें तथा आवश्यक व्यवस्थाएं बनाए रखें। इसके साथ ही बैंकों को भी 31 मार्च 2026 तक लेन-देन जारी रखने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। यह निर्णय विशेष रूप से वित्तीय वर्ष के अंतिम दिनों में पंजीयन कार्यों की अधिकता को ध्यान में रखते हुए लिया गया है, जिससे राजस्व संग्रह प्रभावित न हो और नागरिकों को समय पर सेवाएं मिल सकें।

### काम करने के दौरान प्लेसमेंट कर्मचारी हुआ घायल

**बलरामपुर।** सड़क पर मौजूद विद्युत पोल को हटाने के दौरान नगर पालिका का प्लेसमेंट



कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल कर्मचारी को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि रविवार को नगर पालिका द्वारा दुर्घटना के कारण टूट कर जगह जगह गिरे हुए स्ट्रीट लाइट पोल को उठाकर नगर पालिका परिषद में रखवाया जा रहा था। इस दौरान स्ट्रीट लाईट पोल को ट्रैक्टर पर लोड करते समय प्लेसमेंट कर्मचारी मिशन रोड निवासी विजय मिंज आ. सवा. राम खेलावन मिंज गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल कर्मचारी को आनन फानन में उपचार के लिए अस्पताल भर्ती कराया गया जहां फिलहाल उसकी हालत सामान्य बताई जा रही है। इधर अवकाश के दिन प्लेसमेंट कर्मचारियों से काम कराए जाने को लेकर भी सवाल उठाए जा रहे है। दुर्घटना की जानकारी प्राप्त होते हैं नगरपालिका उपाध्यक्ष दिलीप सोनी और अन्य पार्षद तत्काल अस्पताल में पहुंचे व घायल का हाल चाल जाना। इस सम्बन्ध में सीएमओ प्रणव राय का कहना है कि प्लेसमेंट कर्मचारियों का कोई अवकाश नहीं रहता प्रत्येक दिवस कार्य किया जाता है। कर्मचारियों को साप्ताहिक बाजार वाले दिन स्थानीय रूप से छुट्टी दी जाती है।

### राज्य व्यावसायिक पूरक और आईटीआई ट्रेड परीक्षा 1 अप्रैल से

अम्बिकापुर। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था के प्राचार्य ने बताया कि औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में राज्य व्यावसायिक पूरक परीक्षा (नई एवं पुरानी प्रणाली) और आईटीआई की संयुक्त अध्यापन योजना में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों की आईटीआई ट्रेड की परीक्षा (पुरानी प्रणाली) 1 अप्रैल से आयोजित की जाएंगी। संस्था के प्राचार्य एवं नोडल अधिकारी ने बताया कि परीक्षाएं निर्धारित समय-सारणी के अनुसार संपन्न होंगी। संस्था द्वारा जारी सूचना के अनुसार, इस परीक्षा में सम्मिलित होने वाले पात्र प्रशिक्षणार्थियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपना परीक्षा फॉर्म 25 मार्च तक अनिवार्य रूप से जमा कर दें। प्रशिक्षणार्थी अपने संबंधित प्रशिक्षण अधिकारी या व्यवसाय प्रभारी के माध्यम से फॉर्म भरने की प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए परीक्षार्थी संस्था की प्रशिक्षण शाखा से संपर्क कर सकते हैं।

## स्टोन डस्ट से छिड़ककर बनाई गई अस्थाई कच्ची सड़क लोगों के लिए बनी मुसीबत

# रेलवे गुड्स शेड रैक पाइंट पहुंचने के लिए अब तक नहीं बनी पक्की सड़क

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

दक्षिण-पूर्व-मध्य रेलवे के बिश्रामपुर रेलवे रैक प्वाइंट मालधक्का में हाल ही में करीब 15 करोड़ रुपये की लागत से कराए गए विकास एवं आधुनिकीकरण कार्य अब स्थानीय लोगों, रेल यात्रियों और रेलवे कॉलोनी में रहने वाले कर्मचारियों के लिए बड़ी मुसीबत बन गए हैं,जहां एक ओर रेलवे ने गुड्स शेड को आधुनिक सुविधाओं से लैस किया है, वहीं दूसरी ओर बुनियादी सुविधा व पक्की सड़क बनाने की अनदेखी होने से पूरे क्षेत्र में उड़ते धूल के गुब्बारों से संकट परेशानी और बढ़ गई है।

**खास बात**

- उड़ते धूल के गुब्बारों से आसपास के रिहायसी क्षेत्र के लोगों को हो रही परेशानी

गौरतलब है कि सरगुजा संभाग का इकलौता गुड्स शेड बिश्रामपुर में स्थित है, जो पिछले करीब छह दशकों से संचालित हो रहा है। यहां से सीमेंट, खाद्यान्न, उर्वरक, बीज सहित विभिन्न सामग्रियों का बड़े पैमाने पर रेल माध्यम से परिवहन किया जाता है, जिससे रेलवे को हर वर्ष करोड़ों रुपये का राजस्व प्राप्त होता है। लंबे समय तक उपेक्षित रहने के बाद केंद्र सरकार की नीतियों के तहत रेलवे के आधारभूत ढांचे में सुधार के लिए इस गुड्स शेड का उन्नयन किया गया। इस दौरान प्लेटफॉर्म पिचिंग, विंड स्क्रीन की स्थापना, गुड्स शेड की मरम्मत, नए गुड्स कार्यालय का निर्माण और सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरों की स्थापना जैसे कई कार्य कराए गए। इन विकास कार्यों के बाद स्थानीय लोगों और व्यापारियों को उम्मीद थी कि स्टेशन पहुंच मार्ग और गुड्स शेड परिसर में पक्की और टिकाऊ सड़क का निर्माण भी किया जाएगा, जिससे आवागमन सुगम हो सके। लेकिन इसके विपरीत, रेलवे के निर्माण विभाग ने पुराने जर्जर मार्ग को ठीक करने के बजाय उस पर काम चलाने के लिए स्टोन डस्ट डालकर पानी का छिड़काव कर रोलिंग करा दी।

यह अस्थायी व्यवस्था अब लोगों के लिए परेशानी का कारण बन गई है। रैक प्वाइंट पर रोजाना सैकड़ों भारी वाहनों की आवाजाही होती है, जिससे दिनभर स्टोन डस्ट उड़कर धूल का गुब्बार बन जाता है। यह धूल स्टेशन परिसर, आसपास के बाजार, रेलवे कॉलोनी और रिहायशी इलाकों तक फैल रही है। निरंतर उड़ती धूल के कारण स्थानीय लोगों को सांस लेने में दिक्कत, आंखों में जलन और अन्य स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। वहीं यात्रियों को भी स्टेशन तक पहुंचने और वहां ठहरने में भारी असुविधा हो रही है।

इस संबंध में रेलवे के आईओडब्ल्यू मनोज गुप्ता ने बताया कि वर्क ऑर्डर एस्टीमेट में जितना काम था वो पूरा करा दिया गया है। सड़क निर्माण के लिए दोबारा से एस्टीमेट बनाने विभाग को भेजा गया गया है। जल्द ही पक्की सड़क का निर्माण कराया जाएगा।



रेलवे गुड्स शेड की कच्ची सड़क।

### लोडिंग के दौरान उड़ती है धूल

गुड्स शेड के आधुनिकीकरण के दौरान रेलवे ने करीब दो महीने का ब्लॉक लेकर कार्य कराया था। इस अवधि में वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर स्टेशन के सामने एक अस्थायी रैक प्वाइंट तैयार किया गया था। कार्य पूरा होने के बाद उम्मीद थी कि इस वैकल्पिक प्वाइंट को बंद कर दिया जाएगा, लेकिन अतिरिक्त राजस्व की संभावना को देखते हुए रेलवे ने दोनों रैक प्वाइंट को अभी भी चालू रखा है। रेलवे स्टेशन के सामने बने इस दूसरे रैक प्वाइंट का प्लेटफॉर्म सीमेंटेड नहीं हो पाया है,कच्ची मिट्टी होने से माल लोडिंग और अनलोडिंग के दौरान भारी मात्रा में धूल उड़ती है। इसका सीधा असर स्टेशन परिसर, रेलवे कार्यालयों और कॉलोनी में रहने वाले कर्मचारियों पर पड़ रहा है।

### शिकायत के बाद भी सुधार हेतु नहीं हुई पहल, नाराजगी

स्थानीय परिवहनकर्ताओं और नागरिकों ने इस समस्या को लेकर रेल प्रबंधन को लिखित शिकायत देकर अवगत कराया है। उन्होंने पक्की सड़क निर्माण, नियमित पानी छिड़काव और धूल नियंत्रण के अन्य उपाय करने की मांग की है। इसके बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो पाई है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि रेलवे प्रबंधन अतिरिक्त आय के लाभ लेने के लालच में लोकहित के विपरीत कार्य करा रहा है,स्थानीय जनता और अपने ही कर्मचारियों के स्वास्थ्य और सुविधा की अनदेखी कर रहा है। यदि जल्द ही समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो स्थिति और गंभीर हो सकती है। स्थानीय नागरिकों ने रेलवे प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द पक्की सड़क का निर्माण कराया जाए और दोनों रैक प्वाइंट पर धूल नियंत्रण के प्रभावी उपाय सुनिश्चित किए जाएं, ताकि लोगों को राहत मिल सके।



## राम प्रताप राजवाड़े ने चंडीगढ़ में दो इवेंट में जीते कांस्य पदक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

सरकारी सेवा और योग साधना को एक साथ जीने वाले जिले के एक स्वास्थ्यकर्मी ने राष्ट्रीय स्तर पर वह कर दिखाया जो बड़े-बड़े खिलाड़ियों के लिए भी गर्व की बात होती है। स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भटगांव में पर्यवेक्षक के पद पर कार्यरत राम प्रताप राजवाड़े ने ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज योगासन प्रतियोगिता में दो-दो इवेंट में तृतीय स्थान प्राप्त कर जिले सहित छत्तीसगढ़ को गौरवान्वित किया है।

- लगातार दूसरे वर्ष राष्ट्रीय मंच पर लहराया जिले का परचम

केंद्रीय सिविल सेवा सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा बोर्ड के तत्वाधान में चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देशभर की सिविल सेवाओं के योग प्रतिभागियों ने भाग लिया। छत्तीसगढ़ की ओर से भाग लेने के लिए श्री राजवाड़े ने पहले संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय ट्रायल में अपनी जगह पक्की की और फिर चंडीगढ़ के राष्ट्रीय मंच पर 50 वर्ष से ऊपर आयु वर्ग में आर्टिस्टिक सोलो तथा रिदमिक पेयर दोनों इवेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए दोनों में तृतीय स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक अर्जित किया। केंद्रीय सिविल सेवा सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा बोर्ड द्वारा उन्हें पदक एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। गत वर्ष ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज योगासन प्रतियोगिता 2024-25 में भी उन्होंने 50 वर्ष से ऊपर आयु वर्ग में ट्रेडिशनल सोलो इवेंट में स्वर्ण पदक तथा आर्टिस्टिक सोलो इवेंट में रजत पदक जीतकर राज्य का नाम रोशन किया था।

## तीन किलो गांजा के साथ पकड़ा गया ग्रामीण, गया जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

घर में गांजा बिक्री कर रहे ग्रामीण को संभागीय आबकारी उड़नदस्ता की टीम ने पकड़ा है। टीम ने आरोपी के पास से तीन किलो गांजा बरामद किया। टीम ने आरोपी के विरूद्ध एनडीपीएस के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

संभागीय आबकारी उड़नदस्ता की टीम द्वारा लगातार संभाग में नशे के सौदागरों पर कार्रवाई कर धर पकड़ करने में जुटी है। इसी बीच संभागीय उड़न दस्ता टीम जब कोरिया जिले के बैकुंठपुर क्षेत्र में मदिरा दुकान जांच करने गई थी तभी मुखबिर से सूचना मिला कि जामपारा निवासी लक्ष्मण अपने घर से भारी मात्रा में गांजा रख कर बिक्री कर रहा है। सूचना पर संभागीय आबकारी उड़नदस्ता की टीम जामपारा निवासी लक्ष्मण के



घर दबिश दी। लक्ष्मण के घर की तलाश में उसके शयनकक्ष से एक झोले में 2.883 किलोग्राम लगभग तीन किलो मादक पदार्थ गांजा बरामद किया। टीम ने आरोपी लक्ष्मण के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 बी के तहत अपराध दर्ज कर बैकुंठपुर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

## चोरी के शक पर तालिबानी सजा सिर के बाल नोचे, कपड़े भी फाड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बलरामपुर जिले के शंकरगढ़ क्षेत्र में चोरी की शक पर एक युवक के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। बड़ी बात यह है कि लोगों ने युवक के बाल उखाड़ दिए और उसके कपड़े फाड़ डाले। युवक को दी गई इस तालिबानी सजा का वीडियों भी बनाया गया जो अब सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। इस घटना के बाद जिले में कानून व्यवस्था पर सवाल उठाए जा रहे है। इधर इस मामले में पुलिस द्वारा अपराध दर्ज करने के साथ ही आरोपियों की पहचान की जा रही है। बताया जा रहा है कि बलरामपुर रामानुजगंज जिले के शंकरगढ़ थाना क्षेत्र में 21 मार्च को गांव में सरसों और लगभग 300 रूपए नगद चोरी की बात सामने आई थी। चोरी की शक पर ग्रामीण ने एक युवक को पकड़ लिया और उसे खुद ही सजा देने का निर्णय भी ले लिया। चोरी के शक पर पकड़े गए युवक को मारने पीटने के लिए लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। आरोप है कि मारपीट के दौरान युवक के सिर के कुछ हिस्से के बाल को उखाड़ा गया और उसके कपड़े तक फाड़ दिए गए। युवक को अर्धनग्न अवस्था में सड़क पर बिठाया गया और मारपीट की गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवक खुद को निर्दोष बताता रहा, लेकिन भीड़ का गुस्सा शांत नहीं हुआ। लंबे समय तक चली पिटाई के बाद युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। इस दौरान लोगों ने युवक के साथ मारपीट का वीडियो भी बनाया और अब यह वीडियो वायरल हो रहा है। मामला सामने आने के बाद शंकरगढ़ पुलिस ने इस मामले में अपराध दर्ज करने के साथ ही आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है लेकिन इस तरह चोरी के शक पर युवक के साथ मारपीट और मानवता को शर्मसार करने वाली घटना ने कानून व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए है। ग्रामीण क्षेत्रों में खुद ही कानून को हाथ में लेकर लोगों के साथ मारपीट करने और उन्हें सजा देने की घटनाएं बढ़ती ही जा रही है।

- अर्धनग्न कर मारपीट, शंकरगढ़ थाना क्षेत्र की घटना, जांच में जुटी पुलिस



सड़क अर्धनग्न युवक।

### चल रही है कार्रवाई

इस घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस द्वारा मामले में अपराध दर्ज कर लिया गया है। हम आरोपियों की पहचान करने के साथ ही मामले की जांच कर रहे है। जल्द ही दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**-वैभव बैंकर रमनलाल**, एसपी

### बाड़ी में बकरी घुसने पर ग्रामीण के साथ मारपीट

**अंबिकापुर।** बकरी के बाड़ी में जाने से नाराज पड़ोसी ने ग्रामीण के साथ ही गाली गलौज करने के साथ ही उसे जान से मारने की धमकी दी और मारपीट की। इस घटना में ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गया। चेन्द्रा चौकी अंतर्गत ग्राम जाज निवासी किसान प्रेम सिंह टेकाम ने 21 मार्च की शाम 4 बजे अपनी बकरियों को चरने के लिए छोड़ा था। इस दौरान ग्रामीण की बकरी पड़ोसी राम चन्दर सिंह के बाड़ी में चली गई। जब ग्रामीण अपनी बकरी को लेने के लिए रामचंद्र सिंह के बाड़ी में गया तो आरोपी शराब के नशे में धुत्त होकर उसके साथ गाली गलौज करने लगा।

## चोर पहरी घाट को नहीं काटने पर लोगों में रोष

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

रामानुजगंज–बलरामपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर प्रस्तावित टू-लेन सड़क निर्माण कार्य को लेकर आज उस समय विवाद की स्थिति निर्मित हो गई, जब चोर पहरी घाट को नहीं काटे जाने तथा नीचे स्थित सड़क को ऊंचा किए जाने के मुद्दे पर स्थानीय लोगों ने आपत्ति जताई। निर्माण कार्य से जुड़े इस निर्णय को लेकर क्षेत्रीय नागरिकों में असंतोष देखने को मिला। लोगों का मानना था कि यदि चोर पहरी घाट को यथावत छोड़ दिया जाता है, तो भविष्य में दुर्घटनाओं की संभावना बनी रहेगी। गौरतलब है कि चोर पहरी घाट क्षेत्र लंबे समय से दुर्घटना संभावित स्थल के रूप में जाना जाता है। यहां आए दिन सड़क हादसे होते रहते हैं। स्थानीय लोगों का कहना था कि टू-लेन सड़क निर्माण का मुख्य उद्देश्य यातायात को सुरक्षित एवं सुगम बनाना है, ऐसे में यदि घाट को नहीं काटा गया तो दुर्घटनाओं की स्थिति पूर्ववत बनी रहेगी और निर्माण कार्य का अपेक्षित लाभ नहीं मिल पाएगा।

## सरगुजा ओलंपिक 2026 : दूसरे दिन खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा ओलम्पिक की संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में दूसरे दिन भी खिलाड़ियों ने अपनी खेत प्रतिभा का प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों ने जिले के विभिन्न विधाओं में खेल का प्रदर्शन करते हुए अपने जिलों का नाम रौशन किया है। संभाग स्तरीय सरगुजा ओलंपिक प्रतियोगिता का समापन अब सोमवार को किया जाएगा। प्रतियोगिता के समापन कार्यक्रम में मशहूर खिलाड़ी और भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व कप्तान बाईचुंग भूटिया मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करेंगे।

- समापन समारोह में बाईचुंग भूटिया होंगे शामिल

बता दें कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर संभाग स्तरीय सरगुजा ओलंपिक का आयोजन किय गया है। इस प्रतियोगिता के में विशेष रूप से ग्रामीण अंचलों से आए खिलाड़ियों ने न केवल मेडल की दौड़ में अपनी जगह बनाई है, बल्कि अपने उत्कृष्ट खेल कौशल से खेल प्रेमियों का दिल भी जीत लिया है। रविवार को प्रतियोगिता में महिला हॉकी के मुकाबलों में जशपुर जिले की टीम ने तकनीकी कौशल और सटीक तालमेल के दम पर शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में प्रवेश कर लिया है। टीम की कप्तान सुश्री सुप्रिया तिग्गा ने इस मंच के लिए शासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ग्रामीण अंचल के ट्राइबल बच्चों को अपनी छिपी हुई प्रतिभा निखारने के लिए यह एक शानदार मंच मिला है। बास्केटबॉल खेलने आई महिला खिलाड़ियों ने भी आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि शासन ने एक ऐसा मंच प्रदान किया है जहां अलग-अलग जिलों के खिलाड़ियों से बहुत कुछ सीखने को मिल रहा है। 12 खेल विधाओं में आयोजित सरगुजा ओलंपिक में 100 मीटर दौड़ में 17 वर्ष से कम आयु वर्ग (पुरुष) में गोविंद गुप्ता (जशपुर) ने प्रथम, सईल अंसारी (सूरजपुर) ने द्वितीय तथा अभिषेक कश्यप (बलरामपुर) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं 17 वर्ष से अधिक आयु वर्ग (पुरुष) में टी. नाग. उमेश्वर राव (एमसीबी) प्रथम, जितेन्द्र चौधरी (बलरामपुर) द्वितीय तथा शेर सिंह (सरगुजा) तृतीय स्थान पर रहे। महिला वर्ग में 17 वर्ष से कम आयु में रिया तिर्की (जशपुर) प्रथम, संजना सिंह (सूरजपुर) द्वितीय तथा बबीता (बलरामपुर) तृतीय स्थान पर रहीं, जबकि 17 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में अंजु सिंह (सूरजपुर) प्रथम, अंकिता यादव (एमसीबी) द्वितीय तथा अनीषा पन्ना (जशपुर) तृतीय स्थान पर रहीं। 200 मीटर दौड़ में 17 वर्ष से अधिक आयु वर्ग (पुरुष) में अरुण कुमार (अम्बिकापुर) प्रथम, राकेश एक्का (जशपुर) द्वितीय तथा नीतिश कुमार (सूरजपुर) तृतीय स्थान पर रहे। 17 वर्ष से कम आयु वर्ग (महिला) में सिमरन सिंह (कोरिया) प्रथम, संगीता (सूरजपुर) द्वितीय तथा निर्मला (बलरामपुर) तृतीय स्थान पर रहीं।







प्रतियोगिता में शामिल खिलाड़ी।

शोक संदेश

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः, न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः ।।



स्व. श्री प्रदीप कुमार कश्यप

अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे बड़े पुत्र प्रदीप कुमार कश्यप का आकस्मिक निधन दिनांक 16 मार्च दिन सोमवार को हो गया है। दिवगंत आत्मा को शांति हेतु दशगात्र का आयोजन 25 मार्च बुधवार को होगा, अतः इस कार्यक्रम में सपरिवार पधार कर मृतात्मा को शांति एवं शोकाकुल परिवार को सांत्वना प्रदान करने की कृपा करें।

दशगात्र कार्यक्रम
दिनांकः 25 मार्च 2026 स्थानः निवास स्थान, ग्राम बोरदा (खरौद)

शोकाकुल परिवार
बोधराम, रूपसाय, रामविलास, कृपाराम, धनेश्वर, बेदराम, सेतकुमार, रामेश्वर, कौशल, ललित, हेतराम, पुरुषोत्तम, कांशीराम, उदेराम, तख्वत, विष्णु, कृष्णकुमार, चकराम, चंद्रशेखर, राजकुमार, तिलेश्वर, भागीरथी, महारथी, राजेश्वर, डंकेश्वर, दिनेश, मनाराम, सत्य नारायण एवं समस्त रायसागर परिवार ग्राम बोरदा।

विनीत -
श्रीमती शान्ति रायसागर (मां)
श्री नोखेलाल रायसागर (बड़े पिताजी)
श्रीमती अनुसुइया रायसागर (पत्नी)
गोविन्दशरण, शिवकुमार,
मूलचंद (भाई) धीरेन्द्र, शुभम (पुत्र)
मो. 9753872107, 9098138778

टीप - जिन प्रियजनों एवं साथियों को शोक पत्र नहीं मिल पाया हो वह इसे ही आमंत्रण स्वीकार करें।

**खबर संक्षेप**


### गर्मी में निस्तारी की समस्या को दूर करने पाइप लाइन बिछाकर भरा जा रहा तालाब



**मालखरौदा।** ग्राम डोमा से गुजरे बोराई नदी से लगभग 20 लाख की लागत से पाइपलाइन बिछा कर ग्राम डोमा तथा ग्राम छपोरा के बंधुवा तालाब को भीषण गर्मी के देखते हुए निस्तारी की समस्या को दूर करने के लिए भरा जा रहा है। इसके लिए बोराई नदी में 7 एचपी का मोटर पंप लगाया गया है। यह कार्य छपोरा क्षेत्र के जनपद सदस्य एवं जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष रितेश साहू द्वारा अपने किए गए घोषणा के अनुसार करवाया जा रहा है। जहां पाइपलाइन बिछाकर पानी खींचकर बंधवा तालाब को भरा जा रहा है। ग्रामीणों ने जनपद उपाध्यक्ष के कार्य की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए इस गर्मी में उनके द्वारा पाइप लाइन के माध्यम से तालाब को भरने के लिए सार्थक पहल बता रहे है।

### सप्तमी पर पारसाही नाला के काली मंदिर में उमड़ेगी श्रद्धालुओं की भीड़

**अकलतरा।** चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर अकलतरा के समीपस्थ ग्राम पारसाही नाला स्थित मां काली मंदिर, पारसनाथ धाम में सप्तमी तिथि के दिन भव्य महा आरती का आयोजन 25 मार्च को श्रद्धा और भक्ति के साथ किया जाएगा। नवरात्र के अवसर पर मां काली का विशेष श्रृंगार कर मंदिर को आकर्षक रूप से सजाया गया है। महा आरती के दौरान पूरा वातावरण भक्ति रस में डूबा रहा और श्रद्धालुओं ने जयकारों के साथ मां की आराधना की जा रही है। बड़ी संख्या में पहुंचे भक्तों ने विधिवत पूजा-अर्चना कर माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं। कार्यक्रम में क्षेत्र के श्रद्धालुओं की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिल रही है। पूरे आयोजन के दौरान धार्मिक आस्था, भक्ति और सकारात्मक ऊर्जा का वातावरण बना हुआ है। मंदिर समिति द्वारा श्रद्धालुओं के लिए समुचित व्यवस्थाएं की जा रही हैं। नवरात्र के इस पावन अवसर पर भक्तों ने मां काली से सुख-समृद्धि और मंगल की कामना की।



### तालाब किनारे विराजी शीतला माता की भक्तिभाव से हो रही आराधना

**खरौद।** छत्तीसगढ़ की काशी एवं माता शबरी की धाम खरौद में शैव एवं शक्ति की प्रधानता है। यहां माता शबरी, महामाया, मनका दाई, कंकालिन, शीतला, कपाटनी एवं अन्नपूर्णा आदि अपने जागृत रूप में विराजमान है। भक्तों के श्रद्धा के अनुसार ये शक्तियां उनकी मनोकामना पूरी करती रहती है। इन्हीं शक्तियों में एक माता शीतला जो प्राचीन काल से शुकुलपारा के कोयली तालाब के पार में विराजित है। शारदीय नवरात्रि एवं बसंती नवरात्रि में यहां विशेष चहल-पहल एवं उत्सव का वातावरण रहता है। श्रद्धालुओं द्वारा मनोकामना दीप ज्योति जलाई गई है। माता शीतला अपने भक्तों की सभी शुभ मनोकामना की पूर्ति अवश्य करती है। उनकी सेवा एवं प्रबंध में बैगा श्रवण आदित्य सेवा समिति के सदस्य रामाशंकर यादव ,भूपेंद्र यादव ,संजय नोनिया, सुरेश यादव, नागेश यादव, राधे यादव ,राकेश यादव ,नौसर यादव, गोपीनाथ यादव ,वासु यादव ,नीरज यादव समीर यादव निशू यादव, हेमंत यादव ,पवन यादव, प्रकाश यादव ,मिंकु यादव, लोमस यादव दिन रात लगे हुए हैं। पूजा का कार्य पंडित युधिष्ठिर उपाध्याय के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। संध्या आरती में बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ रही है।



### भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के सहसंयोजक बने चंदन

**अकलतरा।** भारतीय जनता पार्टी के व्यापार प्रकोष्ठ में जिला स्तर पर कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें नगर के भाजपा नेता चंदन शर्मा को सहसंयोजक नियुक्त किया गया है। अपनी नियुक्ति पर चंदन शर्मा ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं एवं शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी दी गई है, उसका वे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निर्वहन करेंगे एवं पार्टी की नीतियों एवं योजनाओं को व्यापारी वर्ग तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।



### प्रबंध कार्यकारिणी समिति का निर्वाचन 13 अप्रैल को

**जांजगीर-चांपा।** कोल इंडिया पेंशनर्स एसोसिएशन बिलासपुर एसईसीएल क्षेत्र मुख्यालय का प्रबंध कार्यकारिणी समिति का निर्वाचन सोमवार 13 अप्रैल को नर्मदा क्लब बसंत विहार में सुबह 10:30 बजे से आयोजित किया गया है। यह निर्णय प्रबंध कार्यकारिणी समिति के पूर्व सूचना 12 मार्च के अनुसार 21 मार्च के बैठक में लिया गया है। निर्वाचन संचालन समिति के द्वारा निर्वाचन अधिकारी के दिशा निर्देश के अनुसार निर्वाचन होगा। सभी कोल इंडिया पेंशनर्स एसोसिएशन बिलासपुर एसईसीएल क्षेत्र का आजीवन साधारण सदस्यगण अपना अपना सदस्यता पर्ची क्रमांक लेकर आम सभा में उपस्थित होकर निर्वाचन कार्यक्रम में अपना सहयोग करें। सदस्यता पर्ची के संबंध में जानकारी के लिए एन.के. झा देवनंदन फेस-1, सीपत रोड एसईसीएल, बिलासपुर से संपर्क करें।

कलेक्टर एवं एसपी ने यातायात व्यवस्था को बेहतर और सुरक्षित बनाने संबंधित विभागों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

# सड़क के दोनों ओर अतिक्रमण करने वालों पर अभियान चलाकर करें कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए यातायात व्यवस्था को बेहतर एवं सुरक्षित बनाने कलेक्टर एवं एसपी ने जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक ली। उन्होंने सड़कों के दोनों ओर किए गए अतिक्रमण के खिलाफ लगातार अभियान चलाकर कार्रवाई करने अधिकारियों को निर्देश दिए। साथ ही सड़क सुरक्षा मानकों का पालन न करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने की बात कही।

जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सोमवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में कलेक्टर जन्मेजय महोबे एवं पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय ने ली। बैठक में जिले की यातायात व्यवस्था को बेहतर और सुरक्षित बनाने को लेकर संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने, यातायात नियमों के पालन को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने खनिजों के अवैध गतिविधियों में संलिप्त वाहनों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सड़कों के दोनों ओर किए गए अतिक्रमण के खिलाफ लगातार अभियान चलाकर कार्रवाई करे। कलेक्टर-एसपी ने कहा कि सड़क सुरक्षा मानकों का पालन न करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। हेलमेट, सीट बेल्ट, ओवरलोडिंग और तेज गति जैसे मामलों में विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने जिले में चिन्हांकित डार्क स्पॉट और ब्लैक स्पॉट क्षेत्रों का सुधारात्मक कार्य प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए। साथ ही इन स्थानों पर संकेतक, लाइटिंग, स्पीड ब्रेकर एवं अन्य आवश्यक सुरक्षा उपाय सुनिश्चित किए जाएंगे, ताकि दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। उन्होंने कहा कि जिन स्थानों पर पूर्व में दुर्घटनाएं हो चुकी हैं या जहां दुर्घटनाओं की संभावनाएं अधिक हैं, वहां विशेष सतर्कता बरतते हुए मरम्मत और सुधार कार्य समयबद्ध तरीके से पूरे करें। बैठक में जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे, अपर कलेक्टर ज्ञानेंद्र सिंह ठाकुर, अपर कलेक्टर आर के तंबोली, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उदयन बेहार, जिला परिवहन अधिकारी गौरव साहू सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि अभी दो दिन पूर्व ही हाइवे पर हादसे रोकने जेसीबी के माध्यम से अतिक्रमण हटाया गया था। पूर्व में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में साफ तौर पर निर्देश दिए गए थे कि सुकली चौक, मुनुंद चौक, खोखरा अंबेडकर चौक और पिसौद चौक जैसे संवेदनशील स्थानों से अवैध कब्जे तुरंत हटाए जाएं। इन जगहों पर अतिक्रमण के कारण वाहन चालकों की दृश्यता प्रभावित हो रही थी, जिससे हादसों का खतरा लगातार बना हुआ था। कलेक्टर के आदेश के बाद प्रशासनिक अमला तुरंत हरकत में आया। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, पुलिस विभाग, परिवहन विभाग और राष्ट्रीय राजमार्ग की निर्माण एजेंसी ने संयुक्त रूप से अभियान चलाकर सभी चिन्हित स्थानों से अवैध कब्जों को हटाया गया।



सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक।



पैदल मार्च कर ज्ञापन सौंपते निवेशक।

## चिट फंड कंपनी में डूबी राशि को वापस करने निकाला पैदल मार्च

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

चिटफंड कंपनी में डूबी राशि को वापस करने की मांग को लेकर निवेशकों ने सोमवार को पैदल मार्च निकाला। वहीं उचित कार्रवाई की मांग लेकर लेकर सांसद को ज्ञापन सौंपा।

■ उचित कार्रवाई की मांग को लेकर सांसद को सौंपा ज्ञापन

पीड़ित जमाकर्ता परिवार के द्वारा सांसद प्रतिनिधि को सौंपे ज्ञापन में बताया कि मोदी की गारंटी में अपने घोषणा पत्र में चिट फंड कंपनियों के रकम वापसी के लिए वादा किया गया था । देश में डबल इंजन की सरकार होने के बावजूद भी अभी तक चिट फंड के पीड़ितों के लिए कोई सकारात्मक पहल नहीं होने के कारण समस्त चिट फंड कंपनियों में डूबी हुई ग्राहकों को सरकार के प्रति असंतोष है। उन्होंने आगे बताया कि सरकार के द्वारा रकम को वापसी हेतु अनियमित जमा योजना पाबंदी अधिनियम 2019 के तहत रकम की वापसी सुनिश्चित करना चाहिए। अनियमित जमा योजना पाबंदी अधिनियम 2019 तत्काल लागू करें। चित फंड कंपनियों का पैसा वापस करें । अपनी घोषणा पत्र का वादा पूरा करें। सरकार द्वारा पारित कानून अनियमित जमा योजना पाबंदी अधिनियम 2019 का क्रियान्वयन हेतु ठगी पीड़ित जमा करता परिवारों की चिट फंड कंपनियों में डूबी हुई राशि को वापस करने हेतु पैदल मार्च निकाला गया और सांसद के प्रतिनिधि को मसानिया कला सक्ती में ज्ञापन सौंप कर कार्रवाई की मांग किए हैं। इस अवसर पर शिवनारायण कर्ष प्रदेश संरक्षक, प्रदेश अध्यक्ष पुरंदर साहू, शिवशंकर निषाद जिलाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष शिवराम कौशिक, रघुबर प्रसाद कर्ष उपाध्यक्ष बम्हनीडीह ब्लॉक, दशरथ साहू अध्यक्ष नवागढ़ ब्लॉक, जिला सचिव सावित्री साहू, दिलीप कुमार साहू, भरतलाल सूर्यवंशी, रोहित बरेठ, प्रहलाद कर्ष के अलावा बड़ी संख्या में चिटफंड कंपनी के ठगी पीड़ित परिवार के सदस्य उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि चिटफंड कंपनियों में डूबी रकम की वापसी की मांग को लेकर ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवारों द्वारा छत्तीसगढ़ में 1 सितंबर 2024 से अनिश्चितकालीन असहयोग आंदोलन जारी है। आंदोलनकारी समय-समय पर रैलियों के माध्यम से जिला कलेक्टर के जरिए राज्य एवं केंद्र सरकार को अपनी मांगों से अवगत कराते रहे हैं, इसके बावजूद अब तक कोई ठोस पहल नहीं हुई है। उनकी मांगों में प्रमुख रुप से अनियमित जमा योजना पाबंदी अधिनियम 2019 को तत्काल प्रभाव से लागू किया जाए। चिटफंड कंपनियों में जमा राशि पीड़ितों को वापस की जाए। चुनावी घोषणा पत्र में किए गए वादों को पूरा किया जाए।

## नेता प्रतिपक्ष डॉ. महंत ने अन्नपूर्णा मंदिर में टेका मत्था, विधि विधान से की पूजा-अर्चना

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण

छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत शिवरीनारायण पहुंच कर अनेकों कार्यक्रम में शामिल हुए। वे सिद्ध शक्तिपीठ मां अन्नपूर्णा देवी के दरबार में पहुंचकर श्रद्धापूर्वक माथा टेका तथा विधि-विधान से विशेष पूजा-अर्चना की।

इस अवसर पर उन्होंने प्रदेशवासियों के सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना करते हुए मां का आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिर के मुख्य पुजारी रविनारायण शर्मा द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच संपूर्ण विधि-विधान से पूजा संपन्न कराई गई। डॉ. महंत ने बताया कि वे वर्षों से मां अन्नपूर्णा देवी के दरबार में आते रहे हैं और उनके प्रति उनकी अटूट श्रद्धा है। उन्होंने कहा कि इस पावन धाम में पहुंचकर उन्हें अद्भुत आत्मिक शांति एवं दिव्य अनुभूति का अनुभव होता है, जिससे उनका मन श्रद्धा और भक्ति से ओत-प्रोत हो उठता है। मंदिर के मुख्य पुजारी रवि नारायण शर्मा ने बताया कि स्थानीय मान्यताओं के अनुसार मां अन्नपूर्णा देवी के दरबार में सच्चे मन से मांगी गई हर मनोकामना अवश्य पूर्ण होती है। इस अवसर पर पामगढ़ विधायक शेषराज हरबंश, विधायक प्रतिनिधि गुलार सिंह, जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजेश अग्रवाल, राघवेंद्र प्रताप सिंह, मनोज खरे सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।इसी क्रम में वे राकेश शर्मा जी के घर जा कर उनकी माता स्व श्रीमती रजनी शर्मा की देहावसान पर शोक प्रकट एवं परिवार को संबल प्रदान करने पहुंचे। तत्पश्चात मठ मंदिर पहुंच कर राजश्री महंत रामसुंदर दास जी से सौजन्य मुलाकात किए।



## भक्तों की मनोकामना पूरी करती हैं मां शिरीष पाठ

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगाकोहरौद

पामगढ़ के समीपस्थ ग्राम डोंगाकोहरौद के बीच खार में विराजित शिरीष पाठ दाई की महिमा महान है, जहां नवरात्र की दोनो पर्व ही नही अपितु प्रतिदिन माता दर्शन के लिए श्रद्धालूओं का आना जाना लगा रहता है।

■ शिरीष पाठ मंदिर में प्रज्जवलित हो रहे मनोकामना ज्योत, सप्तमी एवं अष्टमी को उमड़ेगी दर्शार्थियों की भीड़

यहां यह बताना लाजमी होगा माता की ख्याति दंत कथा पर आधारित नाव और राउत रौताइन की कथा पर आधारित है जिसमें रौताईन द्वारा नाव में बदना बदने और उसे पूरा नही करने पर नाव का नदी से पुराने टार के सहारे गांव की तालाब में आकर रौताईन को डुबोकर मारने के बाद पति द्वारा नाव को तालाब से बाहर निकालकर कुल्हाड़ी से टुकड़े टुकड़े करना और उसके बाद गांव में प्राकृतिक आपदा आने की बात बताया जाता है । इस आपदा के बाद गांव में यज्ञ कराई जाती है और नाव को काटने के बाद प्राकृतिक आपदा स्वरूप जगह जगह उगे शिरीष पेड़ को देव स्वरूप मानकर पूजा कर पांच पेड़ को छोड़ा जाता है जो गांव के डोंगिया तालाब के नीचे बीच खार में स्थित है। यहां पुरातन काल में चबूतरे पर स्थापित शिरीष पेड़ में काली फीता व चूड़ी बांधकर मन्नत मांगी जाती थी । आज वहां ग्राम पंचायत , शासन व ग्रामवासियों के सहयोग से किसानों की दान भूमि पर पहुंच मार्ग के साथ मंदिर विकास के लिए जुटे नवजागरण शिरीष कल्याण सेवा समिती द्वारा मुख्य मंदिर , ज्योति कक्ष सहित दानदाताओं के दान से शनि मंदिर ,भव्य दुर्गा प्रतिमा, शिव मंदिर का निर्माण हो गया है। पुरातन समय में प्रचलित काली फीता चूड़ी बांधकर मन्नत मांगने की प्रथा अब नवरात्र की दोंनो पर्व में ज्योत जलाकर मन्नत मांगने में तब्दील हो गई है वहीं काली मुर्गी व काला बकरा भी भक्तों द्वारा चढ़ाया जाता है । यहां ज्योत जलाने के लिए केवल गांव से ही नही अपितु आसपास के ग्रामीण अंचलों व दूर दराज के गांव - शहर से भी लोग पहुंचते है जिससे माता की ख्याति दिन ब दिन बढ़ती जा रही है और नवरात्र पर्व की सप्तमी अष्टमी को बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन पूजन के लिए पहुंचते है जिसमें इस वर्ष भी यहां पहुंचेंगे। बड़ी संख्या में जल रही ज्योत ज्वारा - माता शिरीष पाठ मंदिर में प्रतिवर्ष के अनुसार इस चैत्र नवरात्रि में बड़ी संख्या में भक्तों द्वारा मनोकमना दीप जलवाए गए हैं जिसमें ज्वारा ज्योत 11, तेल ज्योत 324, घृत ज्योत 24 व सात दिन , तीन दिन की ज्योत शामिल है ।



प्रज्जवलित मनोकामना दीप एवं मां शिरीष पाठ।

## शहीद दिवस पर भगत सिंह को याद कर अर्पित की पुष्पांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी सक्ती द्वारा शहीद भगत सिंह के 95वें बलिदान दिवस पर उन्हें पुष्प अर्पित करते हुए यादकर श्रद्धांजलि दी गई। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी सक्ती द्वारा शहीद भगत सिंह , राजगुरु, सुखदेव के शहादत दिवस पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित पार्टी कार्यकत्ताओं और समर्थक साथियों को संबोधित करते हुए भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव कामरेड अनिल शर्मा ने कहा कि भारत की आजादी और वैज्ञानिक सोच के लिए शहीद ए आजम भगत सिंह ने अपनी छोटी उम्र में अपना पूरा जीवन न्योछावर कर दिया।

भगत सिंह कई बार जेल गए, अंग्रेजों द्वारा दी गई प्रताड़ना झेली, लेकिन वे हार नहीं माने, न ही उन्होंने अंग्रेजों से माफी मांगी बल्कि अंग्रेजों की सरकार को देश से बाहर खदेड़ने का अपना प्रयास जारी रखा। उन्होंने भारत की आजादी के दीवानों में जोश भरने के लिए असेम्बली में बम फेंक कर अंग्रेज सरकार को भारत के नागरिकों के आजादी के आवाज को सुनने मजबूर किया। कामरेड शर्मा ने कहा कि इससे अंग्रेज सरकार इतनी डरी सहमी थी कि भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को फांसी देने की तारीख 24 मार्च 1931 से एक दिन पहले 23 मार्च को ही फांसी दे कर अपनी खौफ दूर की। श्रद्धांजलि सभा को कामरेड हेम लाल देवांगन ने भी संबोधित किया। श्रद्धांजलि सभा में कामरेड देवेंद्र जायसवाल, कामरेड विनोद द्विवेदी, कामरेड आकाश शर्मा, आसुसोनी, लक्ष्मी देवांगन, मुरारी साहू ,दुर्गा गबेल, बाबी देवांगन उपस्थित थे।



श्रद्धांजलि कार्यक्रम में उपस्थित भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के पदाधिकारी।

## रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ

**देवरी-सारागांव।** नगर के स्टेशन रोड़ स्थित तहसील आफिस के पीछे मैदान में नगर युवा सेना के तत्वावधान में आयोजित बिसाहू दास महंत फ्रंटलाइट रात्रिकालीन टेनिश बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य आतिशबाजी के साथ शुभारंभ हुआ।

प्रतियोगिता का शुभारंभ अंचल के जन नेता स्व बिसाहू दास महंत के मूर्ति पर पूजा अर्चना कर किया गया। क्रिकेट प्रतियोगिता के शुभारंभ में अतिथि के रूप में कांग्रेस जिला अध्यक्ष राजेश अग्रवाल, नेता प्रतिपक्ष प्रतिनिधि गुलजार सिंह, धीरेंद्र बाजपेयी, डॉ अतुल राठौर, राठौर समाज के प्रांतीय अध्यक्ष पवन राठौर, पंकज शुक्ला, सुनील राठौर, सहसराम कर्ष, नप अध्यक्ष छबिलाल सूर्यवंशी, उपाध्यक्ष दिलेश्वर राठौर सहित अन्य अतिथियों ने कार्यक्रम में शिरकत कर फीता काट कर आगाज किया। क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रथम पुरुष्कार 1 लाख रुपये व द्वितीय पुरुस्कार 50 हजार रुपये तथा मैंन आफ द सीरीज 10 हजार रुपये रखा गया है। शुभारंभ मैच रायगढ़ इलेवन व दर्री के मध्य खेला गया। टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिए रायगढ़ की टीम ने खूब रन लुटाए और महज 8 ओवर के मैच में दर्री की टीम114 रन आसानी ने बना लिए। वही टारगेट के पीछा करने उतरी रायगढ़ इलेवन की टीम ने महज 4 ओवर में 90 रन बड़ी आसानी से बना लिए। लगातार विकेट गिरने के कारण अंतिम ओवरों में मैच में अलग रोमांच नजर आए और लास्ट बॉल तक मैच चली गयी जिससे रायगढ़ की टीम को जीतने के लिए 1 बॉल पर 4 रनों की आवश्यकता पड़ गयी टीम के हितेश कर्ष द्वारा अंतिम बॉल पर छक्के लगाकर अपनी टीम को जीत दिलाई।



### हिंदू नववर्ष पर कोटना वितरण, बाजोरिया फाउंडेशन ने गौ सेवा के लिए बांटे पात्र

**चांपा।** हिंदू नववर्ष एवं चैत्र नवरात्रि के अवसर पर विगत कई वर्षों की परंपरा को निभाते हुए इस वर्ष भी गुरुवार 19 मार्च बाजोरिया फाउंडेशन द्वारा गौ सेवा के लिए कोटना पात्र (गाय को दाना-पानी देने का पात्र) का वितरण किया गया। यह कार्यक्रम ओम सिटी परिसर बरपाली चौक चांपा में आयोजित किया गया, जहां मुख्य अतिथि के रूप में संयुक्त कलेक्टर सक्ती अरुण कुमार सोम एवं उनके परिवार के द्वारा कोटना वितरण किया गया। कार्यक्रम में ओम सिटी परिवार की उपस्थिति में बड़ी संख्या में गौ सेवकों ने कोटना पात्र प्राप्त किया और गौ सेवा को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। फाउंडेशन की ओर से बताया गया कि कोटना वितरण का कार्य अभी जारी है। इच्छुक व्यक्ति अधिक जानकारी के लिए बाजोरिया फाउंडेशन के संचालक शैलेश बाजोरिया से सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक संपर्क कर सकते हैं। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने गौ सेवा को समाज के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए ऐसे आयोजनों की सराहना की।




### जेएसडब्ल्यू एमपीसीएल के समर्पित कर्मचारी को किया गया सम्मानित



**अकलतरा।** जेएसडब्ल्यू महानदी पावर कंपनी लिमिटेड द्वारा होटल सेंट्रल पॉइंट इंटरनेशनल, बिलासपुर में कर्मचारियों की दीर्घकालिक सेवा, निष्ठा और उत्कृष्ट योगदान को सम्मानित करने के उद्देश्य से "लाम्हे पुरस्कार" समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 10, 15 एवं 20 वर्षों की निरंतर सेवा पूर्ण करने वाले कर्मचारियों एवं ऑपरेटरों को सम्मानित किया गया। समारोह में वक्ताओं ने कहा कि किसी भी संगठन की सफलता उसके कर्मियों की प्रतिबद्धता, समर्पण और निरंतर प्रयासों पर निर्भर करती है। सम्मानित कर्मचारियों ने वर्षों तक अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी लगन और जिम्मेदारी के साथ करते हुए संगठन की प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस गरिमामय अवसर पर बिजनेस हेड छवि नाथ सिंह, जितेंद्र त्रिपाठी, अभिषेक शर्मा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सम्मानित कर्मियों को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। प्रबंधन ने सभी सम्मानित कर्मचारियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि उनका समर्पण संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में सदैव प्रेरणा देता रहेगा।

